1. एक त्रिभुज की भुजाएँ 5, 12 और 13 इकाई हैं । एक आयत बनाया गया है, जिसका क्षेत्रफल त्रिभुज के क्षेत्रफल के बराबर है । इसकी चौड़ाई 10 इकाई है, इस आयत का परिमाप है :

(1) 40 इकाई (2) 30 इकाई
(3) 26 इकाई (4) 13 इकाई
(5) अनुत्तरित प्रश्न

2. निम्न चित्र में कितने त्रिभुज दिये गये हैं ?



(1) 18 (2) 12
(3) 14 (4) 16
(5) अनुत्तरित प्रश्न

3. एक गृहिणी के पास 1000 मिली लीटर का मिश्रण है, जिसमें दूध और पानी का अनुपात 3:1 है । वो इसमें दूध और पानी के 3:2 अनुपात वाले 250 मिली लीटर मिश्रण को मिलाती है । तब वो इस संयुक्त मिश्रण में से 250 मिली लीटर का उपयोग दही बनाने के लिये करती है । शेष बचे हुये मिश्रण में कितना शुद्ध दूध बचा हुआ है ?

(1) 720 मिली लीटर (2) 1000 मिली लीटर
(3) 912 मिली लीटर (4) 750 मिली लीटर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

4. चावल के मूल्य में 21% की कमी होने से एक व्यक्ति ₹ 1,000 में 10.5 किलोग्राम अधिक चावल खरीद सकता है । कम होने के बाद चावल का प्रति किलोग्राम मूल्य क्या है ?

(1) ₹ 15 (2) ₹ 20
(3) ₹ 30 (4) ₹ 40
(5) अनुत्तरित प्रश्न

5. ₹ 8,000 की राशि पर एक निश्चित प्रतिशत वार्षिक दर से 3 वर्षों का साधारण ब्याज ₹ 3,600 है । यदि समान ब्याज दर पर उसी राशि पर 8-माही चक्रवृद्धि ब्याज लगाया जाता है, तो 2 वर्षों के बाद कुल चक्रवृद्धि ब्याज होगा

(1) ₹ 2,648 (2) ₹ 10,248
(3) ₹ 10,648 (4) ₹ 2,248
(5) अनुत्तरित प्रश्न

1. The sides of a triangle are 5, 12 and 13 units. A rectangle is constructed, which is equal in area to the triangle. It has a width of 10 units, then the perimeter of this rectangle is :

(1) 40 units (2) 30 units
(3) 26 units (4) 13 units
(5) Question not attempted

2. How many triangles are there in the following figure ?



(1) 18 (2) 12
(3) 14 (4) 16
(5) Question not attempted

3. A housewife has 1000 ml of mixture that contains milk and water in the ratio of 3:1. She adds 250 ml of mixture of milk and water in the ratio of 3:2 in it. Then she uses 250 ml of the combined mixture to make curd. How much of pure milk is left in the mixture remained ?

(1) 720 ml (2) 1000 ml
(3) 912 ml (4) 750 ml
(5) Question not attempted

4. A reduction of 21% in the price of rice enables a person to buy 10.5 kg more for ₹ 1,000. What is the reduced price of rice per kg ?

(1) ₹ 15 (2) ₹ 20
(3) ₹ 30 (4) ₹ 40
(5) Question not attempted

5. The simple interest on a sum of ₹ 8,000 at a certain rate percent per annum for 3 years is ₹ 3,600. If the interest is compounded 8-monthly on the same sum at the same interest rate, then total compound interest after 2 years will be

(1) ₹ 2,648 (2) ₹ 10,248
(3) ₹ 10,648 (4) ₹ 2,248
(5) Question not attempted

6. नागरिक मुद्दों की सूचना देने के लिए और सरकार द्वारा इन्हें विश्लेषित, ट्रैक, प्रबन्धित और सुलझाने हेतु हाल ही में जयपुर नगर निगम, हैरिटेज द्वारा किस एप का शुभारंभ किया गया है ?

(1) जयपुर 315 (2) जयपुर 300
(3) जयपुर 301 (4) जयपुर 311
(5) अनुत्तरित प्रश्न

7. दिया गया पाई-चार्ट विभिन्न खाद्य फ़सलों के लिए प्रयुक्त भूमि क्षेत्रफल के वितरण को प्रदर्शित करता है :




निम्न में से कुल क्षेत्रफल का 50% से अधिक उपयोग में लेने वाले सही विकल्प का चयन कीजिए।

(1) बाजरा, मक्का तथा चावल
(2) गेहूँ, जौ तथा ज्वार
(3) चावल, गेहूँ तथा ज्वार
(4) चावल, मक्का तथा जौ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

8. 100 प्रेक्षणों के माध्य की 49 गणना की गई। बाद में पता चला कि 40, 20, 50 के रूप में लिए गए प्रेक्षण वास्तव में क्रमशः 60, 70, 80 थे। सही माध्य है

(1) 49.5 (2) 48
(3) 49.33 (4) 50
(5) अनुत्तरित प्रश्न

9. वर्णमाला के दस अलग-अलग अक्षर दिए गए हैं। इन दिए गए अक्षरों से पाँच अक्षरों वाले शब्द बनाए गये हैं। तो उन शब्दों की संख्या, जिनमें कम से कम एक अक्षर दोहराया गया है, है :

(1) 99784 (2) 69760
(3) 30240 (4) 99748
(5) अनुत्तरित प्रश्न

10. दो पासों को एक साथ फेंकने पर प्राप्त होने वाली संख्याओं का योग एक अभाज्य संख्या होने की प्रायिकता है :

(1) $\frac{7}{12}$ (2) $\frac{1}{2}$
(3) $\frac{1}{3}$ (4) $\frac{5}{12}$
(5) अनुत्तरित प्रश्न

6. Recently which app is launched by Jaipur Municipal Corporation; Heritage for citizens to report civic issues and government to analyze, track, manage & solve ?

(1) Jaipur 315 (2) Jaipur 300
(3) Jaipur 301 (4) Jaipur 311
(5) Question not attempted

7. The pie-chart provided below gives the distribution of land areas used for various food crops :




Choose the correct option from the following which uses more than 50% of the total area.

(1) Bajra, Maize and Rice
(2) Wheat, Barley and Sorghum
(3) Rice, Wheat and Sorghum
(4) Rice, Maize and Barley
(5) Question not attempted

8. The mean of 100 observations was calculated as 49. It was later discovered that three observations taken as 40, 20, 50 were actually 60, 70, 80 respectively. The correct mean is

(1) 49.5 (2) 48
(3) 49.33 (4) 50
(5) Question not attempted

9. Ten different letters of alphabets are given. Words with five letters are formed from these given letters. Then, the number of words which have atleast one repeated letter is :

(1) 99784 (2) 69760
(3) 30240 (4) 99748
(5) Question not attempted

10. The probability of getting the sum as a prime number, when two dice are thrown together, is :

(1) $\frac{7}{12}$ (2) $\frac{1}{2}$
(3) $\frac{1}{3}$ (4) $\frac{5}{12}$
(5) Question not attempted

11. 'राजस्थान एमएसएमई नीति – 2024' निम्नलिखित में से किस दिनांक तक लागू रहेगी ?
(1) 31 मार्च, 2031 (2) 31 मार्च, 2028
(3) 31 मार्च, 2030 (4) 31 मार्च, 2029
(5) अनुत्तरित प्रश्न

12. राजस्थान विधान-सभा उप-चुनाव – 2024 के लिए निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है ?
(1) सेवा नियोजित मतदाताओं के लिए सर्वाधिक मतपत्र खींवसर विधान-सभा क्षेत्र में जारी हुए ।
(2) उप-चुनाव में न्यूनतम मतदान (प्रतिशत में) दौसा में हुआ ।
(3) 7 में से 3 विधान-सभा क्षेत्रों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों से अधिक रहा ।
(4) होम वोटिंग के जरिए 3127 मतदाताओं ने मतदान किया ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

13. गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिज़र्व के लिए सही कथन चुनिए ।
(1) यह देश का तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिज़र्व बना है ।
(2) यह मध्यप्रदेश में स्थित है ।
(3) नवम्बर 2024 में इसे भारत का 54वाँ टाइगर रिज़र्व अधिसूचित किया गया है ।
(4) यह 1829 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

14. भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने 2024 में निम्नलिखित में से किस संस्थान को आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स और प्रतिस्पर्धा पर बाज़ार अध्ययन हेतु नियुक्त किया है ?
(1) आईआईएम, इन्दौर
(2) इण्डियन स्कूल ऑफ बिजनेस
(3) मैनेजमेन्ट डेवलपमेन्ट इन्स्टीट्यूट सोसायटी
(4) इन्स्टीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेन्ट, आनंद
(5) अनुत्तरित प्रश्न

11. The 'Rajasthan MSME Policy – 2024' will remain in force until which of the following date ?
(1) 31 March, 2031
(2) 31 March, 2028
(3) 31 March, 2030
(4) 31 March, 2029
(5) Question not attempted

12. Which one of the following statement is NOT correct regarding the Rajasthan Legislative Assembly by-election – 2024 ?
(1) Maximum ballot papers for service employed voters were issued in Khinvsar assembly constituency.
(2) Minimum turnout (in percent) in by-election took place in Dausa.
(3) Out of 7 in 3 assembly constituencies, the voting percentage of women was more than that of men.
(4) 3127 voters voted through home voting.
(5) Question not attempted

13. Choose the correct statement with regards to Guru Ghasidas – Tamor Pingla Tiger Reserve.
(1) It is the third largest tiger reserve in the country.
(2) It is situated in Madhya Pradesh.
(3) It is notified as 54th Tiger Reserve of India in November 2024.
(4) It is spread over 1829 sq. kms.
(5) Question not attempted

14. Which of the following Institution has been engaged by the Competition Commission of India in 2024, to conduct a market study on Artificial Intelligence and Competition ?
(1) IIM, Indore
(2) Indian School of Business
(3) Management Development Institute Society
(4) Institute of Rural Management, Anand
(5) Question not attempted

15. दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार 2024 के संदर्भ में कॉलम-I तथा II को सुमेलित कीजिए :

| कॉलम-I (सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन) | कॉलम-II (उत्कृष्ट कार्य का क्षेत्र) |
|---|---|
| (a) अनन्या बिजेश | (i) कला और संस्कृति |
| (b) प्रतीक खण्डेलवाल | (ii) संगीत |
| (c) प्रियंका दीपक दबर्डे | (iii) सुगम्यता |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) |
|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (i) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (i) | (ii) |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

16. हाल ही में भारत सरकार ने कुछ भाषाओं को शास्त्रीय भाषाओं की सूची में शामिल करने का अनुमोदन किया है। अब, कुल कितनी भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा हासिल है ?

(1) 11 (2) 6
(3) 8 (4) 10
(5) अनुत्तरित प्रश्न

17. हाल ही में यामंडू ओरसी किस देश के राष्ट्रपति चुने गए हैं ?

(1) गुयाना (2) पैराग्वे
(3) उरूग्वे (4) वेनेजुएला
(5) अनुत्तरित प्रश्न

18. फरवरी 2025 में समुद्री केबल प्रतिरोधक क्षमता शिखर सम्मेलन का आयोजन कहाँ किया जाएगा ?

(1) आर्मेनिया (2) स्विट्जरलैण्ड
(3) नाइजीरिया (4) फ्रांस
(5) अनुत्तरित प्रश्न

19. दक्षिण कोरिया के उस लेखक का नाम बताइये जिसने 2024 में साहित्य का नोबल पुरस्कार जीता है ?

(1) हान कांग (2) निहोन हिडांक्यो
(3) डेविड बैकर (4) एनी एरनॉक्स
(5) अनुत्तरित प्रश्न

15. Match the Column I and II regarding National awards for the empowerment of persons with disabilities 2024 :

| Column-I (Sarvshreshth Divyangjan) | Column-II (Field of outstanding work) |
|---|---|
| (a) Ananya Bijesh | (i) Art and Culture |
| (b) Prateek Khandelwal | (ii) Music |
| (c) Priyanka Deepak Dabade | (iii) Accessibility |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) |
|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (i) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (i) | (ii) |

(5) Question not attempted

16. Recently the Government of India has approved inclusion of some of the languages in the list of classical languages. Now, how many languages in total are having the status of classical languages ?

(1) 11 (2) 6
(3) 8 (4) 10
(5) Question not attempted

17. Recently Yamandu Orsi has been elected as the President of which country ?

(1) Guyana (2) Paraguay
(3) Uruguay (4) Venezuela
(5) Question not attempted

18. The Submarine Cable Resilience Summit in February, 2025 will be held at :

(1) Armenia (2) Switzerland
(3) Nigeria (4) France
(5) Question not attempted

19. Name the writer from South Korea who has won the Nobel Prize for Literature in 2024 ?

(1) Han Kang
(2) Nihon Hidankyo
(3) David Baker
(4) Annie Ernaux
(5) Question not attempted

20. हाल ही में हान्ले, लद्दाख में उद्घाटित की गयी एशिया की सबसे बड़ी और विश्व की सबसे ऊँची चेरनकोव वेधशाला से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. इसका उद्घाटन परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष अजीत कुमार मोहन्ती-द्वारा किया गया।

II. यह 5100 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है।

III. इस दूरबीन का निर्माण भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र ने इलेक्ट्रॉनिक कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड एवं अन्य उद्योग भागीदारों के सहयोग से किया है।

नीचे दिये गये विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल II एवं III सही हैं।
(2) केवल I एवं II सही हैं।
(3) I, II एवं III सही हैं।
(4) केवल I एवं III सही हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

21. निम्नलिखित में से किस भारतीय ने श्री अत्सुशी मिमुरा के साथ, सितम्बर, 2024 में टोक्यो में आयोजित दूसरे भारत-जापान वित्त संवाद में सह-अध्यक्षता करी ?

(1) विक्रम मिसरी
(2) तुहीनकांत पाण्डे
(3) दम्मु रवि
(4) अजय सेठ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

22. भारतीय सेना और कंबोडियाई सेना के बीच संयुक्त टेबल टॉप अभ्यास (सिनबैक्स) का पहला संस्करण कहाँ आयोजित हुआ ?

(1) भुबनेश्वर
(2) मुम्बई
(3) पुणे
(4) जोधपुर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

23. 8 दिसम्बर, 2024 को भारत-नोर्वे गोलमेज सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया ?

(1) मुम्बई
(2) जयपुर
(3) नई दिल्ली
(4) चेन्नई
(5) अनुत्तरित प्रश्न

24. हाल ही में किस संस्थान ने एक अपग्रेडेड मोबाइल एप "सुविधा 2.0" को प्रारंभ किया है ?

(1) आयुष मंत्रालय
(2) भारतीय चुनाव आयोग
(3) भारत का उच्चतम न्यायालय
(4) केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो
(5) अनुत्तरित प्रश्न

20. Consider the following statements about recently inaugurated Asia's largest and world's highest imaging Cherenkov Observatory, at Hanle, Ladakh :

I. It was inaugurated by Ajit Kumar Mohanty, Chairman, Atomic Energy Commission.

II. It is located at an altitude of 5100 metres.

III. The telescope is built by Bhabha Atomic Research Centre with the support of Electronic Corporation of India and other industry partners.

Choose the correct answer from the options given below :

(1) Only II and III are correct.
(2) Only I and II are correct.
(3) I, II and III are correct.
(4) Only I and III are correct.
(5) Question not attempted

21. Who among the following from India, co-chaired with Mr. Atsushi Mimura, at the 2nd India – Japan Finance Dialogue held at Tokyo in September, 2024 ?

(1) Vikram Misri
(2) Tuhinkanta Pandey
(3) Dammu Ravi
(4) Ajay Seth
(5) Question not attempted

22. The I Edition of Joint Table Top Exercise (CINBAX) between the Indian Army and the Cambodian Army was held at :

(1) Bhubaneswar
(2) Mumbai
(3) Pune
(4) Jodhpur
(5) Question not attempted

23. Where was the India – Norway business round table held on 8th December, 2024 ?

(1) Mumbai
(2) Jaipur
(3) New Delhi
(4) Chennai
(5) Question not attempted

24. Which organization has recently launched an upgraded Mobile App "Suvidha 2.0" ?

(1) Ministry of Aayush
(2) Election Commission of India
(3) Supreme Court of India
(4) Central Bureau of Investigation
(5) Question not attempted

25. नवम्बर 2024 में पुणे में आयोजित 5वीं राष्ट्रीय पैरा शूटिंग चैम्पियनशिप में राजस्थान ने कितने स्वर्ण तथा कांस्य पदक जीते हैं ?
(1) 11 स्वर्ण एवं 16 कांस्य
(2) 16 स्वर्ण एवं 11 कांस्य
(3) 11 स्वर्ण एवं 7 कांस्य
(4) 16 स्वर्ण एवं 7 कांस्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

26. विश्व कैडेट अण्डर-8 प्रतियोगिता 2024 के विजेता 'दिविथ रैड्डी अडूला' किस खेल से संबंधित हैं ?
(1) जिम्नास्टिक्स (2) तैराकी
(3) शतरंज (4) टेबिल टेनिस
(5) अनुत्तरित प्रश्न

27. खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की मेजबानी निम्नांकित में से कौन सा राज्य करेगा ?
(1) मध्यप्रदेश (2) राजस्थान
(3) बिहार (4) तमिलनाडु
(5) अनुत्तरित प्रश्न

28. 2024 आई.एस.एस.एफ. (अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग खेल संघ) विश्व कप निशानेबाजी में भारत ने कितने पदक जीते हैं ?
(1) 5 (2) 2
(3) 3 (4) 4
(5) अनुत्तरित प्रश्न

29. 38वें नेशनल गेम्स 2025 के लिए निम्न कथनों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प चुनिए :
**कथन (A) :** इसकी मेजबानी उत्तराखंड करेगा ।
**कथन (B) :** नेशनल गेम्स में 28 खेल प्रतियोगिताएँ एवं 4 प्रदर्शन स्पर्धाएँ सम्मिलित होंगी ।
(1) कथन (A) व (B) दोनों सही नहीं हैं ।
(2) (A) व (B) दोनों कथन सही हैं ।
(3) केवल कथन (A) सही है ।
(4) केवल कथन (B) सही है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

25. How many gold and bronze medals has Rajasthan won in 5th National Para Shooting Championship held at Pune in November 2024 ?
(1) 11 gold and 16 bronze
(2) 16 gold and 11 bronze
(3) 11 gold and 7 bronze
(4) 16 gold and 7 bronze
(5) Question not attempted

26. 'Divith Reddy Adulla' winner of World Cadet Under-8 Championship 2024 is related to which game ?
(1) Gymnastics (2) Swimming
(3) Chess (4) Table Tennis
(5) Question not attempted

27. Khelo India Youth Games 2025 will be hosted by which of the following state ?
(1) Madhya Pradesh
(2) Rajasthan
(3) Bihar
(4) Tamil Nadu
(5) Question not attempted

28. How many medals did India win at the 2024 ISSF (International Shooting Sport Federation) World Cup in shooting ?
(1) 5 (2) 2
(3) 3 (4) 4
(5) Question not attempted

29. Consider the following statements regarding to 38th National Games 2025 and choose the correct option :
**Statement (A) :** It will be hosted by Uttarakhand.
**Statement (B) :** The National Games will feature 28 sporting disciplines and 4 demonstration events.
(1) Both Statements (A) and (B) are incorrect.
(2) Both Statements (A) and (B) are correct.
(3) Only Statement (A) is correct.
(4) Only Statement (B) is correct.
(5) Question not attempted

30. निम्नलिखित में से ओझियाना के उत्खनन में कौन शामिल था/थे ?

A. आर.सी. अग्रवाल

B. बी.आर. मीणा

C. आलोक त्रिपाठी

**कूट :**

(1) B और C
(2) केवल A
(3) केवल C
(4) A और B
(5) अनुत्तरित प्रश्न

31. निम्नलिखित में से किस पुरास्थल की पहचान पुरातत्त्वविद् टी.एच. हैण्डले ने एक बौद्ध कस्बे के रूप में की थी ?

(1) नलियासर
(2) भाण्डारेज
(3) बूढ़ा पुष्कर
(4) बैराठ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

32. मारवाड़ के राव चूण्डा के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए एवं निम्नांकित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

A. राव चूण्डा को मण्डोर दहेज में प्राप्त हुआ ।

B. राव चूण्डा की मृत्यु के तुरंत पश्चात् राव रणमल राजगद्दी पर आसीन हुआ ।

(1) A और B दोनों असत्य हैं ।
(2) केवल A सत्य है ।
(3) केवल B सत्य है ।
(4) A और B दोनों सत्य हैं ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

33. 'राव-जैतसी-रो-छन्द' के अनुसार, बीकानेर के शासक राव जैतसी ने निम्न में से किसे परास्त किया था ?

(1) अकबर
(2) हुमायूँ
(3) कामरान
(4) शेरशाह
(5) अनुत्तरित प्रश्न

30. Which of the following was/were associated in the excavation of Ojiyana ?

A. R.C. Agrawal

B. B.R. Meena

C. Alok Tripathi

**Codes :**

(1) B and C
(2) Only A
(3) Only C
(4) A and B
(5) Question not attempted

31. Which of the following archaeological sites was identified by archaeologist T.H. Handley as a Buddhist town ?

(1) Naliasar
(2) Bhandarej
(3) Budha Pushkar
(4) Bairath
(5) Question not attempted

32. Consider the following statements about Rao Chunda of Marwar and choose the correct option from below :

A. Rao Chunda obtained Mandore in dowry.

B. Rao Ranmal ascended the throne immediately after Rao Chunda's death.

(1) A and B both are false.
(2) Only A is true.
(3) Only B is true.
(4) A and B both are true.
(5) Question not attempted

33. According to "Rao-Jetsi-Ro-Chhanda", who among the following was defeated by Rao Jaitsi, the ruler of Bikaner ?

(1) Akbar
(2) Humayun
(3) Kamran
(4) Shershah
(5) Question not attempted

508560

34. बिजोलिया किसान आन्दोलन के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

A. बिजोलिया किसान आन्दोलन सम्बन्धी जानकारी देने हेतु विजय सिंह पथिक गांधीजी से मिलने वर्धा गये थे।

B. प्रयाग के अभ्युदय एवं कलकत्ता के भारत मित्र समाचार-पत्रों ने बिजोलिया किसान आन्दोलन सम्बन्धी समाचारों का नियमित रूप से प्रकाशन किया था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर को चुनिये :

(1) न तो A और न ही B सही है।
(2) केवल A सही है।
(3) केवल B सही है।
(4) A और B दोनों सही हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

35. 1945 का एस.एं. सुधालकर प्रतिवेदन निम्न में से किस देशी रियासत से सम्बन्धित है ?

(1) जयपुर (2) जोधपुर
(3) बीकानेर (4) उदयपुर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

36. वाल्टरकृत राजपूत हितकारिणी सभा के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन असत्य है ?

(1) सभा ने अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सामाजिक नियम बनाए।
(2) इसकी स्थापना सन् 1888 में कर्नल सी.के.एम. वाल्टर के प्रयासों से हुई थी।
(3) इसका उद्देश्य राजस्थान के राजपूतों और दलितों के लिए सुधारात्मक कार्य करना था।
(4) इसकी प्रथम बैठक का आयोजन अजमेर में हुआ था।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

34. Consider the following statements related to Bijolia Peasant Movement :

A. Vijay Singh Pathik had gone to Wardha to meet Gandhiji to give information regarding the Bijolia Peasant Movement.

B. Prayag's Abhyudaya and Calcutta's Bharat Mitra newspaper regularly published news related to the Bijolia Peasant Movement.

Select the correct answer using the codes given below :

(1) Neither A nor B is correct.
(2) Only A is correct.
(3) Only B is correct.
(4) Both A and B are correct.
(5) Question not attempted

35. The S.A. Sudhalkar report of 1945 is associated with which of the following Princely State ?

(1) Jaipur (2) Jodhpur
(3) Bikaner (4) Udaipur
(5) Question not attempted

36. Which of the following statements is not true regarding Walterkrit Rajput Hitkarini Sabha ?

(1) The Sabha made social regulations to achieve its aims.
(2) It was established in the year 1888, by the efforts of colonel C.K.M. Walter.
(3) It was aimed to make reforms for Rajputs and Dalits of Rajasthan.
(4) Its first meeting was organized at Ajmer.
(5) Question not attempted

37. सूची-I व सूची-II को सुमेलित करते हुए राजस्थान की प्रसिद्ध चित्रकला शैलियों एवं उनके चित्रकारों के संबंध में सही विकल्प चुनिये :

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| A. | किशनगढ़ | i. | साहिबदीन |
| B. | बीकानेर | ii. | निहालचंद |
| C. | मेवाड़ | iii. | अली रज़ा |
| D. | मारवाड़ | iv. | शिवदास |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | i | iii | iv |
| (2) | ii | iv | i | iii |
| (3) | ii | iii | i | iv |
| (4) | ii | iii | iv | i |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

38. राजोरगढ़ में मथानदेव द्वारा निर्मित प्रसिद्ध मंदिर निम्न में से किस देवी/देवता को समर्पित था ?

(1) महिषासुर मर्दिनी
(2) शिव
(3) विष्णु
(4) सूर्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

39. लोक वाद्ययंत्र 'चौतारा' के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए एवं निम्नांकित में से सही विकल्प चुनिए :

A. यह चार तारों वाला वाद्ययंत्र है।
B. यह सामान्यतः रामदेवजी के भजन गाने में प्रयुक्त होता है।

(1) A और B दोनों असत्य हैं।
(2) केवल A सत्य है।
(3) केवल B सत्य है।
(4) A और B दोनों सत्य हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

40. निम्न में से कौन सा विकल्प सही सुमेलित नहीं है ?

(1) शत्रुसाल रासो – डूंगरसिंह
(2) पृथ्वीराज रासो – चंदरबरदाई
(3) बीसलदेव रासो – नरपति
(4) खुमाण रासो – करणीदान
(5) अनुत्तरित प्रश्न

37. Match List – I with List – II regarding famous painting styles and their painters of Rajasthan and select the correct option :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| A. | Kishangarh | i. | Sahibdeen |
| B. | Bikaner | ii. | Nihalchand |
| C. | Mewar | iii. | Ali Raza |
| D. | Marwar | iv. | Shivdas |

Codes :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | i | iii | iv |
| (2) | ii | iv | i | iii |
| (3) | ii | iii | i | iv |
| (4) | ii | iii | iv | i |

(5) Question not attempted

38. The famous temple built by Mathandev at Rajorgarh was dedicated to which of the following deities ?

(1) Mahishasur Mardini
(2) Shiva
(3) Vishnu
(4) Surya
(5) Question not attempted

39. Consider the following statements about the folk instrument 'Chautara' and choose the correct option from below :

A. It is a four stringed instrument.
B. It is generally used in singing bhajans of Ramdev ji.

(1) A and B both are false.
(2) Only A is true.
(3) Only B is true.
(4) A and B both are true.
(5) Question not attempted

40. Which of the following options is not rightly matched ?

(1) Shatrusal Raso – Dungarsingh
(2) Prithvi Raj Raso – Chandarbardai
(3) Bisaldev Raso – Narpati
(4) Khuman Raso – Karnidan
(5) Question not attempted

41. निम्न में से किसके लिए राजस्थानी भाषा में आड़ी, हीयाली शब्द प्रचलित हैं ?
(1) पहेलियाँ (2) मुहावरे
(3) लोकोक्ति (4) फड़
(5) अनुत्तरित प्रश्न

42. संत लालदास के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए एवं निम्नांकित में से सही विकल्प चुनिए :
A. संत लालदास आजीवन अविवाहित रहे ।
B. संत लालदास की मृत्यु के पश्चात् उनके समाधि स्थान पर मन्दिर का निर्माण करवाया गया ।
(1) A और B दोनों असत्य हैं ।
(2) केवल A सत्य है ।
(3) केवल B सत्य है ।
(4) A और B दोनों सत्य हैं ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

43. राजस्थान की वेशभूषा में प्रयुक्त 'कसूमल' निम्न में से कौन सा रंग होता है ?
(1) केसरिया (2) लाल
(3) पीला (4) गुलाबी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

44. मत्स्य संघ के प्रधानमंत्री शोभाराम के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए एवं निम्नांकित में से सही विकल्प चुनिए :
A. उन्होंने असहयोग आन्दोलन के दौरान वकालत छोड़ी ।
B. वे हीरालाल शास्त्री के मंत्रिमण्डल में सदस्य रहे ।
(1) A और B दोनों असत्य हैं ।
(2) केवल A सत्य है ।
(3) केवल B सत्य है ।
(4) A और B दोनों सत्य हैं ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

41. For which of the following the words Aadi (आड़ी), Hiyali (हीयाली) are popular in Rajasthani language ?
(1) Riddles (2) Idioms
(3) Proverb (4) Phad
(5) Question not attempted

42. Consider the following statements about Saint Laldas and choose the correct option from below :
A. Saint Laldas remained unmarried throughout his life.
B. After the death of Saint Laldas, a temple was built at his Samadhi place.
(1) A and B both are false.
(2) Only A is true.
(3) Only B is true.
(4) A and B both are true.
(5) Question not attempted

43. Which of the following colours is 'Kasumal', which is used in the costumes of Rajasthan ?
(1) Saffron (2) Red
(3) Yellow (4) Pink
(5) Question not attempted

44. Consider the following statements about Matsya Union's Prime Minister Shobaram and choose the correct option from below :
A. He left his legal profession during the Non-Cooperation Movement.
B. He was the member of the Cabinet of Heeralal Shastri.
(1) A and B both are false.
(2) Only A is true.
(3) Only B is true.
(4) A and B both are true.
(5) Question not attempted



508660

45. आजीवक सम्प्रदाय के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

A. नियतिवाद में विश्वास

B. उनके पुनर्जन्म के क्रम में बदलाव किया जा सकता है।

C. कठोर तपस्या में विश्वास

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

**कूट :**

(1) A और C सही हैं।

(2) केवल A सही है।

(3) केवल B सही है।

(4) A और B सही हैं।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

46. कुषाण वंश के कैडफिसेस द्वितीय ने निम्नलिखित में से कौन सी उपाधि धारण की ?

(1) सिंह चन्द्र (2) सकारी

(3) सर्वलोकेश्वर (4) महाक्षत्रप

(5) अनुत्तरित प्रश्न

47. स्तूपों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए एवं निम्नांकित में से सही विकल्प चुनिए :

A. 'स्तूप' शब्द एक वास्तुशिल्प शब्द है और इसका अर्थ है वह चीज जो कि संचय के माध्यम से बनाई हो।

B. मृतकों की स्मृति में 'स्तूप' बनाने की प्रथा बौद्धकाल से पूर्व की थी।

(1) A और B दोनों असत्य हैं।

(2) केवल A सत्य है।

(3) केवल B सत्य है।

(4) A और B दोनों सत्य हैं।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

48. निम्न में से किन बौद्ध ग्रन्थों की रचना संस्कृत भाषा में की गई ? निम्नांकित में से सही विकल्प चुनिए :

A. दिव्यावदान

B. दीपवंश

C. महावंश

D. आर्यमंजूश्री मूलकल्प

(1) A, C (2) A, B

(3) B, C (4) A, D

(5) अनुत्तरित प्रश्न

45. Consider the following statements related to Aajivaka Sect :

A. Belief in Determinism

B. The order of reincarnation can be changed.

C. Belief in Austerity

Select the correct answer using the codes given below :

**Codes :**

(1) A and C are correct.

(2) Only A is correct.

(3) Only B is correct.

(4) A and B are correct.

(5) Question not attempted

46. Which of the following titles was adopted by the Kadphises Second of Kushan dynasty ?

(1) Singh Chandra

(2) Sakari

(3) Sarvalokeshwar

(4) Mahakshatrap

(5) Question not attempted

47. Consider the following statements about Stupas and choose the correct option from below :

A. The word 'Stupa' is an architectural term and means something which is raised up by accumulation.

B. The custom of erecting 'Stupas' as a form of memorial to the dead was pre-Buddhist.

(1) A and B both are false.

(2) Only A is true.

(3) Only B is true.

(4) A and B both are true.

(5) Question not attempted

48. Which of the following Buddhist texts were written in Sanskrit language ? Choose the correct option from below :

A. Divyavadan

B. Deepvansha

C. Mahavansha

D. Aryamanjushree Moolkalp

(1) A, C (2) A, B

(3) B, C (4) A, D

(5) Question not attempted





508660

49. कृष्णदेवराय के दरबार में कवि मल्लनार्य ने "भाव चिंता रत्न" एवं "वीरशैवामृत" ग्रन्थ किस भाषा में लिखे थे ?

(1) कन्नड़ (2) संस्कृत
(3) तमिल (4) तेलुगू
(5) अनुत्तरित प्रश्न

50. निम्न में से किन इमारतों का निर्माण सम्राट शेरशाह के द्वारा करवाया गया था ?

A. सासाराम का मकबरा
B. किला-ए-कुह्‌न मस्जिद
C. सिकंदरा का मकबरा
D. जामा मस्जिद

(1) B, D (2) A, B
(3) A, C (4) A, D
(5) अनुत्तरित प्रश्न

51. भक्ति आंदोलन के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन सत्य नहीं है ?

(1) रामानंद ने राम भक्ति परंपरा का प्रचार किया।
(2) वल्लभाचार्य ने पुष्टिमार्ग की स्थापना की।
(3) निम्बार्क ने द्वैताद्वैत के सिद्धांत का प्रतिपादन किया।
(4) माध्वाचार्य ने सगुण भक्ति के स्थान पर निर्गुण भक्ति सिद्धांत को प्रतिपादित किया।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

52. भारत की एक राष्ट्र के रूप में पहचान को दृश्य माध्यम से संबद्ध करने हेतु किस चित्रकार ने सर्वप्रथम भारत माता के चित्र की रचना की थी ?

(1) रबीन्द्रनाथ टैगोर (2) गगनेन्द्रनाथ
(3) अबनीन्द्रनाथ (4) बंकिमचंद्र
(5) अनुत्तरित प्रश्न

49. In which language did the poet Mallanarya write the texts named "Bhava Chinta Ratna" and "Veerasaivamrita" in the court of Krishandev Ray ?

(1) Kannada (2) Sanskrit
(3) Tamil (4) Telugu
(5) Question not attempted

50. Which of the following monuments were built by Emperor Shershah ?

A. Sasaram Tomb
B. Kila-E-Kuhn Mosque
C. Tomb of Sikandara
D. Jama Masjid

(1) B, D (2) A, B
(3) A, C (4) A, D
(5) Question not attempted

51. Which of the following statements is not correct regarding the Bhakti Movement ?

(1) Ramananda advocated Rama Bhakti.
(2) Vallabhacharya established Pushtimarga.
(3) Nimbarka propounded the Philosophy of Dvaitadvait.
(4) Madhvacharya propounded Nirguna Bhakti Siddhant instead of Saguna Bhakti.
(5) Question not attempted

52. Who painted the famous image of Bharat Mata to visually associate the identity of India, as a Nation ?

(1) Rabindranath Tagore
(2) Gagnendranath
(3) Abnindranath
(4) Bankim Chandra
(5) Question not attempted

**53.** भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के उदारवादी चरण (1885 – 1905 ई.) सम्बन्धी निम्न कथनों को पढ़िये :

A. आधुनिक यूरोप की समृद्ध लोकतांत्रिक एवं वैज्ञानिक संस्कृति का समर्थन किया था ।

B. ब्रिटिश साम्राज्यवाद के आर्थिक पहलू की कड़ी आलोचना की थी ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(1) न तो A और न ही B सत्य है ।
(2) केवल A सत्य है ।
(3) केवल B सत्य है ।
(4) A और B दोनों सत्य हैं ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**54.** 1952 में भारत सरकार ने निम्नलिखित में से किसको माध्यमिक शिक्षा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया था ?

(1) लक्ष्मण स्वामी मुदालियर
(2) एस. राधाकृष्णन
(3) डी.एस. कोठारी
(4) पी.सी. महलनोबिस
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**55.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

| सूची-I (मरुस्थल) | | सूची-II (अवस्थिति) | |
|---|---|---|---|
| A. | गोबी | i. | दक्षिणी अफ्रीका |
| B. | पैटागोनिया | ii. | एशिया |
| C. | विक्टोरिया | iii. | दक्षिण अमेरिका |
| D. | कालाहारी | iv. | ऑस्ट्रेलिया |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | iv | i | ii |
| (2) | ii | iii | iv | i |
| (3) | iv | ii | iii | i |
| (4) | ii | i | iii | iv |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**56.** कौन सा क्षेत्र भूमध्यसागरीय कृषि प्रकार का नहीं है ?

(1) दक्षिण अफ्रीका का दक्षिणी भाग
(2) कैलिफोर्निया
(3) मध्य चिली
(4) उत्तरी ऑस्ट्रेलिया
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**53.** Read the following statements related to the liberal phase of Indian National Movement (1885 – 1905 A.D.) :

A. Supported the rich democratic and scientific culture of modern Europe.

B. Strongly criticized the Economic aspect of British imperialism.

Select the correct answer using the codes given below :

(1) Neither A nor B is true.
(2) Only A is true.
(3) Only B is true.
(4) Both A and B are true.
(5) Question not attempted

**54.** Who among the following was appointed as the chairman of Secondary Education Commission by Government of India in 1952 ?

(1) Laxman Swami Mudaliar
(2) S. Radhakrishnan
(3) D.S. Kothari
(4) P.C. Mahalanobis
(5) Question not attempted

**55.** Match List – I with List – II and select the correct answer by using the codes given below :

| List – I (Desert) | | List – II (Location) | |
|---|---|---|---|
| A. | Gobi | i. | Southern Africa |
| B. | Patagonia | ii. | Asia |
| C. | Victoria | iii. | South America |
| D. | Kalahari | iv. | Australia |

**Codes :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | iv | i | ii |
| (2) | ii | iii | iv | i |
| (3) | iv | ii | iii | i |
| (4) | ii | i | iii | iv |

(5) Question not attempted

**56.** Which is not an area of Mediterranean type of Agriculture ?

(1) Southern part of South Africa
(2) California
(3) Central Chile
(4) Northern Australia
(5) Question not attempted

57. विश्व के किस वन खण्ड में सर्वाधिक वनोन्मूलन अंकित किया गया है ?
(1) ज्वारीय (2) कोणधारी
(3) उष्णकटिबन्धीय (4) पतझड़ी सवाना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

58. निम्नलिखित पर्वत श्रेणियों का उत्तर से दक्षिण का सही क्रम क्या है ?
A. लद्दाख B. शिवालिक
C. कराकोरम D. जास्कर
कूट :
(1) C, B, A, D (2) A, C, B, D
(3) D, C, A, B (4) C, A, D, B
(5) अनुत्तरित प्रश्न

59. निम्नांकित कथनों में से कौन सा एक सही नहीं है ?
(1) मानसून अभियान (Monex) संयुक्त राज्य अमेरिका (U.S.A.) तथा भारत के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित किया गया था ।
(2) चेन्नई में वर्षा की विषमता मुम्बई से अधिक है ।
(3) लौटता मानसून तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में वर्षा लाता है ।
(4) पश्चिमी विक्षोभ भूमध्यसागर से उत्पन्न होते हैं ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

60. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर चुनिये :

| सूची-I (सहायक–नदी) | | सूची-II (नदी) | |
|---|---|---|---|
| A. | राप्ती | i. | ब्रह्मपुत्र |
| B. | तिस्ता | ii. | नर्मदा |
| C. | हिरण | iii. | गोदावरी |
| D. | पूर्णा | iv. | घाघरा |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | i | ii | iii |
| (2) | iv | ii | iii | i |
| (3) | i | ii | iii | iv |
| (4) | iii | i | iv | ii |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

57. In which forest zone of the world highest deforestation has been recorded ?
(1) Tidal
(2) Coniferous
(3) Tropical
(4) Savana Deciduous
(5) Question not attempted

58. What is the correct order of the following mountain ranges from North to South ?
A. Ladakh B. Shiwalik
C. Karakoram D. Zaskar
Codes :
(1) C, B, A, D (2) A, C, B, D
(3) D, C, A, B (4) C, A, D, B
(5) Question not attempted

59. Which one of the following statements is not correct ?
(1) The Monsoon Expedition (Monex) was organized under the joint auspices of the United States of America (U.S.A.) and India.
(2) The variability of rainfall at Chennai is more than that of Mumbai.
(3) The retreating monsoon causes some rains in the coastal areas of Tamil Nadu.
(4) The western disturbances originate from the Mediterranean Sea.
(5) Question not attempted

60. Match List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below :

| List – I (Tributary) | | List – II (River) | |
|---|---|---|---|
| A. | Rapti | i. | Brahmaputra |
| B. | Tista | ii. | Narmada |
| C. | Hiran | iii. | Godavari |
| D. | Purna | iv. | Ghaghra |

Codes :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | i | ii | iii |
| (2) | iv | ii | iii | i |
| (3) | i | ii | iii | iv |
| (4) | iii | i | iv | ii |

(5) Question not attempted

00

61. कौन सा सुमेलित नहीं है ?

| | परमाणु ऊर्जा प्लान्ट | राज्य |
|---|---|---|
| (1) | नरोरा | उत्तरप्रदेश |
| (2) | कलपक्कम | तमिलनाडु |
| (3) | काकरापार | गुजरात |
| (4) | कैगा | तमिलनाडु |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

62. स्वर्णिम चतुर्भुज के चार खण्ड निम्न शहरों को जोड़ते हैं :

A. दिल्ली – मुम्बई
B. मुम्बई – चेन्नई
C. चेन्नई – कोलकाता
D. कोलकाता – दिल्ली

उपर्युक्त चार खण्डों की लम्बाई को घटते हुए क्रम में ध्यान देते हुए निम्न दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर चुनिए :

कूट :
(1) D, C, A, B (2) C, D, A, B
(3) C, D, B, A (4) D, C, B, A
(5) अनुत्तरित प्रश्न

63. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

A. लूनी बेसिन और शेखावाटी प्रदेश राजस्थान बागड़ के उप-प्रदेश हैं ।
B. घग्घर का मैदान अधिकाशतः हनुमानगढ़ एवं गंगानगर जिलों में फैला है ।
C. नागौर उच्च भूमि में लवणीय झीलें और आन्तरिक जल प्रवाह है ।
D. अरावली श्रेणियाँ सभी प्रकार के खनिजों में समृद्ध हैं ।

सही उत्तर का चयन नीचे दिये कूट से कीजिये :

कूट :
(1) A, B, C और D (2) A और B
(3) A, B और C (4) B, C और D
(5) अनुत्तरित प्रश्न

64. राजस्थान के निम्नलिखित जिला समूहों का दक्षिणी-पश्चिमी मानसून में औसत वर्षा के आधार पर सही आरोही क्रम कौन सा है ?

(1) चूरू, बारां, भीलवाड़ा
(2) जालौर, जयपुर, कोटा
(3) जैसलमेर, बाँसवाड़ा, राजसमन्द
(4) नागौर, धौलपुर, अजमेर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

61. Which is not a correct match ?

| | Nuclear Power Plant | State |
|---|---|---|
| (1) | Narora | – Uttar Pradesh |
| (2) | Kalpakkam | – Tamil Nadu |
| (3) | Kakrapar | – Gujarat |
| (4) | Kaiga | – Tamil Nadu |

(5) Question not attempted

62. The four segments of the Golden Quadrilateral join the following cities :

A. Delhi – Mumbai
B. Mumbai – Chennai
C. Chennai – Kolkata
D. Kolkata – Delhi

Consider the length of the above segments in descending order and select the correct answer using the codes given below :

**Codes :**
(1) D, C, A, B (2) C, D, A, B
(3) C, D, B, A (4) D, C, B, A
(5) Question not attempted

63. Consider the following statements :

A. Luni Basin and Shekhawati region are the Sub-regions of Rajasthan Bangar.
B. Ghaggar Plain covers mostly Hanumangarh and Ganganagar district.
C. Nagaur uplands have salty lakes and inland drainage.
D. Aravalli ranges are rich in all types of minerals.

Select the correct answer using the codes given below :

**Codes :**
(1) A, B, C and D (2) A and B
(3) A, B and C (4) B, C and D
(5) Question not attempted

64. Which of the following group of districts of Rajasthan is correctly arranged in ascending order as per average rainfall during South-West Monsoon ?

(1) Churu, Baran, Bhilwara
(2) Jalore, Jaipur, Kota
(3) Jaisalmer, Banswara, Rajsamand
(4) Nagaur, Dhaulpur, Ajmer
(5) Question not attempted

65. राजस्थान के किस जिले में 'खड़ीन' जल संरक्षण की प्रचलित विधि है ?

(1) पाली　　(2) नागौर
(3) बीकानेर　　(4) जैसलमेर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

66. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| | सूची-I (जिला) | | सूची-II (नदी) |
|---|---|---|---|
| A. | उदयपुर | i. | साबी तथा रूपारेल |
| B. | बूँदी | ii. | गम्भीरी तथा पार्वती |
| C. | भरतपुर | iii. | सोम तथा जाखम |
| D. | अलवर | iv. | कुराल |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | iv | ii | i |
| (2) | iii | iv | i | ii |
| (3) | iv | iii | ii | i |
| (4) | i | iii | ii | iv |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

67. जयपुर, दौसा और अलवर जिलों में किस मृदा की प्रधानता है ?

(1) अल्फीसोल्स　　(2) एन्टीसोल
(3) इनसेप्टीसोल्स　　(4) वर्टीसोल्स
(5) अनुत्तरित प्रश्न

68. वर्ष 2021-22 में, देश के कुल बाजरा उत्पादन में राजस्थान का योगदान (प्रतिशत में) था :

(1) 34.69　　(2) 46.30
(3) 87.69　　(4) 38.98
(5) अनुत्तरित प्रश्न

69. मेडटेक मेडिकल डिवाइसेस पार्क अवस्थित है –

(1) बोरानाडा, जोधपुर (अविभाजित)
(2) गणेश्वर विस्तार, सीकर
(3) माल की तूस, उदयपुर
(4) नैनवा, बूँदी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

65. In which district of Rajasthan 'Khadin' is a popular method of water conservation ?

(1) Pali　　(2) Nagaur
(3) Bikaner　　(4) Jaisalmer
(5) Question not attempted

66. Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| | List – I (District) | | List – II (River) |
|---|---|---|---|
| A. | Udaipur | i. | Sabi & Ruparel |
| B. | Bundi | ii. | Gambhiri & Parvati |
| C. | Bharatpur | iii. | Som & Jakham |
| D. | Alwar | iv. | Kural |

Codes :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | iv | ii | i |
| (2) | iii | iv | i | ii |
| (3) | iv | iii | ii | i |
| (4) | i | iii | ii | iv |

(5) Question not attempted

67. Which type of soil is dominant in Jaipur, Dausa and Alwar districts ?

(1) Alfisols　　(2) Entisol
(3) Inceptisols　　(4) Vertisols
(5) Question not attempted

68. In the year 2021-22, contribution of Rajasthan in total production of Bajra in the country (in percentage) was

(1) 34.69　　(2) 46.30
(3) 87.69　　(4) 38.98
(5) Question not attempted

69. Medtech Medical Devices Park is located at

(1) Boranada, Jodhpur (undivided)
(2) Ganeshwar Extension, Sikar
(3) Maal Ki Toos, Udaipur
(4) Nainwa, Bundi
(5) Question not attempted

70. माउण्ट आबू और रणकपुर किस पर्यटक परिपथ में सम्मिलित हैं ?
(1) मेवाड़ (2) ढूँढाड़
(3) शेखावाटी (4) गोडवार
(5) अनुत्तरित प्रश्न

71. किस राजनीतिक दल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने संविधान सभा को भंग कर उसका पुनर्निर्वाचन वयस्क मताधिकार के आधार पर करने को कहा था ?
(1) मुस्लिम लीग (2) हिंदू महासभा
(3) समाजवादी दल (4) स्वराज दल
(5) अनुत्तरित प्रश्न

72. राजस्थान में कुल साक्षरता दर (जनगणना 2011) के घटते हुए क्रम के आधार पर जिलों का सही क्रम है
(1) कोटा, झुन्झुनूं, जयपुर, अलवर, सीकर
(2) जयपुर, झुन्झुनूं, कोटा, सीकर, अलवर
(3) कोटा, जयपुर, झुन्झुनूं, सीकर, अलवर
(4) झुन्झुनूं, कोटा, सीकर, जयपुर, अलवर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

73. राजस्थान में निम्नलिखित स्थलों पर ऐस्बेस्टॉस खदानें कहाँ अवस्थित हैं ?
(1) देपुरा और डिंगरी
(2) अर्जुनपुरा और पीपरदा
(3) खुरा और मंगोल
(4) करपुरा और फतेहगढ़
(5) अनुत्तरित प्रश्न

74. राजस्थान में लिग्नाइट के सबसे महत्वपूर्ण संसाधन स्थित हैं :
(1) कपूरड़ी, पलाना एवं जगपुरा
(2) पलाना, अगूचा एवं मेड़ता
(3) पलाना, कसनऊ एवं जगपुरा
(4) कपूरड़ी, मेड़ता एवं कसनऊ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

75. कौन सा सुमेलित नहीं है ?

| | संरक्षित क्षेत्र (मई 2023 के अनुसार) | | जिला |
|---|---|---|---|
| (1) | हमीरगढ़ | – | भीलवाड़ा |
| (2) | रनखार | – | जालौर |
| (3) | मनसामाता | – | झुन्झुनूं |
| (4) | सोरसन | – | बूँदी |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

70. Mount Abu and Ranakpur are included in which tourist circuit ?
(1) Mewar (2) Dhundhar
(3) Shekhawati (4) Godwar
(5) Question not attempted

71. The national executive of which political party called for the dissolution of the Constituent Assembly and its re-election by adult suffrage ?
(1) Muslim League
(2) Hindu Mahasabha
(3) Socialist Party
(4) Swaraj Party
(5) Question not attempted

72. The correct descending order of districts in Rajasthan based on total literacy rate (census 2011) is
(1) Kota, Jhunjhunu, Jaipur, Alwar, Sikar
(2) Jaipur, Jhunjhunu, Kota, Sikar, Alwar
(3) Kota, Jaipur, Jhunjhunu, Sikar, Alwar
(4) Jhunjhunu, Kota, Sikar, Jaipur, Alwar
(5) Question not attempted

73. At which of the following places, asbestos mines are located in Rajasthan ?
(1) Depura and Dingri
(2) Arjunpura and Piparda
(3) Kura and Mangol
(4) Karpura and Fatehgarh
(5) Question not attempted

74. The most important resources of lignite in Rajasthan are located at
(1) Kapurdi, Palana and Jagpura
(2) Palana, Agucha and Merta
(3) Palana, Kasnau and Jagpura
(4) Kapurdi, Merta and Kasnau
(5) Question not attempted

75. Which is not a correct match ?

| | Conservation Reserve (as on May 2023) | | District |
|---|---|---|---|
| (1) | Hamirgarh | – | Bhilwara |
| (2) | Rankhar | – | Jalore |
| (3) | Mansamata | – | Jhunjhunu |
| (4) | Sorsan | – | Bundi |

(5) Question not attempted

76. निम्नलिखित अनुच्छेदों के कौन से समूह द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार केवल भारत के 'नागरिकों' को अनुदत्त हैं ?

(1) अनुच्छेद 15, 16, 19 और 30
(2) अनुच्छेद 14, 20, 23 और 30
(3) अनुच्छेद 15, 21, 25 और 28
(4) अनुच्छेद 20, 21, 25 और 30
(5) अनुत्तरित प्रश्न

77. किस वर्ष भारत के संविधान में यह अन्त:स्थापित किया गया कि राज्य आर्थिक या अन्य निर्योग्यताओं के कारण किसी नागरिक को नि:शुल्क विधिक सहायता सुनिश्चित करेगा ?

(1) 1979 (2) 1978
(3) 1976 (4) 1975
(5) अनुत्तरित प्रश्न

78. सूची-A का सूची-B से मिलान कीजिये और नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| | सूची-A (वाद) | | सूची-B (संशोधन को चुनौती) |
|---|---|---|---|
| A. | इंदिरा गांधी बनाम राज नारायण | i. | 42वाँ संशोधन |
| B. | मिनर्वा मिल बनाम भारत संघ | ii. | 52वाँ संशोधन |
| C. | किहोतो हॉलोहान बनाम जशीलू | iii. | 39वाँ संशोधन |
| D. | पी. संबामूर्थि बनाम आंध्रप्रदेश राज्य | iv. | 32वाँ संशोधन |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | i | ii | iv |
| (2) | i | iii | iv | ii |
| (3) | ii | iii | i | iv |
| (4) | iv | ii | iii | i |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

76. Fundamental Rights provided by which of the following groups of Articles are granted only to 'Citizens' of India ?

(1) Articles 15, 16, 19 and 30
(2) Articles 14, 20, 23 and 30
(3) Articles 15, 21, 25 and 28
(4) Articles 20, 21, 25 and 30
(5) Question not attempted

77. In which year it was inserted in the Constitution of India that the State shall secure free legal aid to any citizen by reason of economic or other disabilities ?

(1) 1979 (2) 1978
(3) 1976 (4) 1975
(5) Question not attempted

78. Match List-A with List-B and identify the correct answer from the codes given below :

| | List-A (Case) | | List-B (Amendment challenged) |
|---|---|---|---|
| A. | Indira Gandhi V. Raj Narain | i. | 42nd Amendment |
| B. | Minerva Mills V. Union of India | ii. | 52nd Amendment |
| C. | Kihoto Hollohan V. Zachillu | iii. | 39th Amendment |
| D. | P. Sambamurthy V. State of A.P. | iv. | 32nd Amendment |

**Codes :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | i | ii | iv |
| (2) | i | iii | iv | ii |
| (3) | ii | iii | i | iv |
| (4) | iv | ii | iii | i |

(5) Question not attempted

**79.** भारत के राष्ट्रपति के चुनाव के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है ?

(1) किसी राज्य की विधान सभा के प्रत्येक निर्वाचित सदस्य के उतने मत होंगे जितने कि एक सौ के गुणित उस भागफल में हों जो राज्य की जनसंख्या को उस विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों की कुल संख्या से भाग देने पर आये ।

(2) भारत के राष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल के सदस्यों द्वारा किया जाता है जिसमें (ए) संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्य और (बी) राज्यों की विधान सभाओं और विधान सभा वाले केंद्रशासित प्रदेशों के निर्वाचित सदस्य शामिल होते हैं ।

(3) निर्वाचक मंडल के प्रत्येक सदस्य के लिए वोट का मूल्य 1971 की जनसंख्या जनगणना के आधार पर तय किया जाता है और यह तब तक जारी रहेगा जब तक वर्ष 2026 के बाद पहली जनगणना की जनसंख्या प्रकाशित नहीं हो जाती है ।

(4) चुनाव एकल संक्रमणीय मत के माध्यम से आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार आयोजित किए जाते हैं ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**79.** Which of the following statement is incorrect regarding the election of the President of India ?

(1) Every elected member of the Legislative Assembly of a State shall have as many votes as there are multiples of one hundred in the quotient obtained by dividing the population of the State by the total number of the elected members of the Assembly.

(2) The President of India is elected by the members of an Electoral College consisting of (a) the elected members of both the Houses of Parliament and (b) the elected members of the Legislative Assemblies of the States and the Union Territories with Legislative Assembly.

(3) Value of vote for each of the members of the Electoral College is decided based on the population census of 1971 and it will continue to be so till population of the first census taken after the year 2026 have been published.

(4) The elections are held in accordance with the system of Proportional Representation by means of single transferable vote.

(5) Question not attempted

80. लोक सभा के अध्यक्ष [illegible] यों के बारे में निम्न में से कौन से कथन सही हैं ?
नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये :

(i) लोक सभा अध्यक्ष संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करते हैं ।

(ii) जब एक वित्त विधेयक को निचले सदन से उच्च सदन को भेजा जाता है तो अध्यक्ष द्वारा उस विधेयक को वित्त विधेयक के तौर पर प्रमाणपत्र दिया जाता है ।

(iii) जब अध्यक्ष को हटाये जाने का प्रस्ताव विचाराधीन हो, तब अध्यक्ष ना तो अध्यक्षता करेंगे और ना ही कार्यवाहियों में भाग लेंगे ।

(iv) मतों की समानता के अलावा, अध्यक्ष सदन में मतदान नहीं करते ।

**कूट :**
(1) केवल (i), (ii) और (iii)
(2) केवल (i) और (iii)
(3) केवल (i) और (ii)
(4) केवल (i), (ii) और (iv)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

81. भारत के चुनाव आयोग के संबंध में सही कथन पहचानें ।

(1) राष्ट्रपति मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करता है और उनका कार्यकाल पाँच वर्ष या 60 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, होता है ।

(2) भारत का चुनाव आयोग एक स्थायी संवैधानिक निकाय है और इसकी स्थापना 25 जनवरी, 1952 को संविधान के अनुसार की गई थी ।

(3) बहुमत द्वारा निर्णय लेने की शक्ति के साथ बहु-सदस्यीय आयोग की अवधारणा 1995 से लागू है ।

(4) संविधान के अंतर्गत संसद और राज्य विधानमंडलों के सदस्यों की निर्वाचन पश्चात् निर्योग्यता के मामले में आयोग के पास परामर्शदात्री क्षेत्राधिकार भी है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

80. Which of the following statements regarding the powers of the speaker of Lok Sabha are **correct** ? Choose the correct answer from the codes given below :

(i) The speaker presides over a joint sitting of both the houses of Parliament.

(ii) When a Money Bill is transferred from the Lower House to the Upper House, the speaker shall endorse on the bill his certificate that it is a Money Bill.

(iii) While a resolution for his removal is under consideration, the speaker shall neither preside nor take part in its proceedings.

(iv) The speaker does not vote in the House except when there is equality of votes.

**Codes :**
(1) Only (i), (ii) and (iii)
(2) Only (i) and (iii)
(3) Only (i) and (ii)
(4) Only (i), (ii) and (iv)
(5) Question not attempted

81. Identify the correct statement regarding the Election Commission of India.

(1) The President appoints Chief Election Commissioner and Election Commissioners and they have tenure of five years, or up to the age of 60 years, whichever is earlier.

(2) Election Commission of India is a permanent Constitutional Body and it was established in accordance with the Constitution on 25th January, 1952.

(3) The concept of multi-member Commission has been in operation since 1995 with decision making power by majority vote.

(4) Under the Constitution, the Commission also has advisory jurisdiction in the matter of post election disqualification of sitting members of Parliament and State Legislatures.

(5) Question not attempted

508660 508660 508660 508660

82. निम्नलिखित में से वो कौन सा विषय है जिस पर 31 दिसम्बर, 2023 को वित्त मंत्रालय द्वारा अधिसूचित वित्त आयोग अपनी सिफारिश नहीं करेगा ?

(1) जलवायु प्रबंधन पहल के वित्त-पोषण पर वर्तमान व्यवस्था की समीक्षा।

(2) संविधान के अध्याय I भाग XII के तहत संघ और राज्यों के बीच विभाजित किए जाने या किए जा सकने वाले करों के निवल आगमों का वितरण।

(3) वे सिद्धांत जो भारत की संचित निधि से राज्यों के राजस्व के सहायता अनुदान को नियंत्रित करते हैं।

(4) पंचायतों और नगरपालिकाओं के संसाधनों की पूर्ति के लिए राज्य की संचित निधि को बढ़ाने के लिए आवश्यक उपाय।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

83. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर को चिह्नित कीजिए :

(a) 2004 के चुनाव में कांग्रेस ने 145 लोक सभा स्थानों पर विजय प्राप्त की।

(b) 2004 के चुनाव में भाजपा ने 133 लोक सभा स्थानों पर विजय प्राप्त की।

(c) 2004 के चुनाव में मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी ने 48 लोक सभा स्थानों पर विजय प्राप्त की।

**कूट :**

(1) केवल (a) और (c) सही हैं।

(2) केवल (a) सही है।

(3) केवल (a) और (b) सही हैं।

(4) केवल (b) और (c) सही हैं।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

84. केन्द्रीय सतर्कता आयोग की स्थापना निम्नलिखित में से किस समिति की सिफ़ारिशों के आधार पर हुयी थी ?

(1) बक्शी टेकचंद समिति

(2) संथानम समिति

(3) केलकर समिति

(4) स्वर्ण सिंह समिति

(5) अनुत्तरित प्रश्न

82. Which of the following is a matter on which the Finance Commission notified by the Ministry of Finance on 31st December, 2023 shall not make its recommendation ?

(1) Review the present arrangements on Financing Climate Management initiatives.

(2) The distribution between the Union and the States of the net proceeds of taxes which are to be or may be divided between them under Chapter I Part XII of the Constitution.

(3) The principles which should govern the grants-in-aid of the revenues of the States out of the Consolidated Fund of India.

